संख्या–32/8–4–12–9एन/09

प्रेषक,

आलोक कुमार,
सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन ।

सेवा में,

उपाध्यक्ष,
लखनऊ विकास प्राधिकरण,
लखनऊ।

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–4 लखनऊ : दिनांक : 13 जनवरी,2012

विषयः मौजा–भदेवां ऐशबाग, लखनऊ स्थित नजूल भूमि खसरा संख्या–226, 230, 231 क्षेत्रफल 15121.81 वर्गमीटर भूमि लखनऊ विकास प्राधिकरण के पक्ष में हस्तान्तरित किये जाने के संबंध में ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या–316/नअ/कैम्प, दिनांक 28.11.2011 और पत्र संख्या–377/एन0ओ0/12, दिनांक 06.01.2012 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि मौजा–भदेवां ऐशबाग, लखनऊ स्थित नजूल भूमि खसरा संख्या–226, 230, 231, 232, 233, 234, 236 तथा 237 क्षेत्रफल 37792.84 वर्गमीटर पर सृजित 05 भूखण्डों में से भूखण्ड संख्या–4 क्षेत्रफल 7638.28 वर्गमीटर मूल्य 15,45,52,800.00 रूपये (पन्द्रह करोड़ पैतालीस लाख बावन हजार आठ सौ मात्र ) तथा भूखण्ड संख्या–5 क्षेत्रफल 7483.53 वर्गमीटर मूल्य रू0 15,14,24,800.00 रूपये (पन्द्रह करोड़ चौदह लाख चौबीस हजार आठ सौ मात्र ) पर आवासीय योजनाओं हेतु लखनऊ विकास प्राधिकरण के पक्ष में निम्न शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन विक्रय के माध्यम से हस्तान्तरित किये जाने पर श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष सहमति प्रदान करते हैः–

(1) उक्त दोनों भूखण्ड लखनऊ विकास प्राधिकरण को केवल आवासीय योजना हेतु हस्तान्तरित किये जा रहे हैं।

(2) उक्त दोनों भूखण्ड पर शासनादेश संख्या–1266/8–4–11–598एन/97, दिनांक 01.08.2011 के प्रस्तर–1 (ग) के अनुसार लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा 50 प्रतिशत भवन ई0डब्ल्यू0एस0/एल0आई0जी0 श्रेणी के निर्मित किये जायेंगे।

(3) उक्त भूखण्ड निजी क्षेत्र अथवा संस्था/बिल्डर को विकास, निर्माण या विक्रय हेतु नहीं दिये जायेंगे ।

(4) उक्त भूखण्डों का लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा अन्यथा भू–उपयोग नहीं किया जायेगा ।

NT/50

18/1/12

Scanned by CamScanner

30

(5) उक्त भूखण्डों का विक्रय मूल्य नजूल कोष में जमा करने के उपरान्त ही प्राधिकरण को भौतिक कब्जा दिया जायेगा।

2— उक्त धनराशि चालू वित्तीय वर्ष 2011—2012 के आय—व्ययक के प्राप्ति शीर्षक " 0075—विविध सामान्य सेवाएं—105—भूमि और सम्पत्ति की बिक्री " में जमा की जायेगी ।

भवदीय,

आलोक कुमार
सचिव।

संख्या—32(1)/8—4—12तद्दिनांक

प्रतिलिपि, निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

1— महालेखाकार, उ0प्र0 इलाहबाद।
2— कोषाधिकारी, लखनऊ
3— नजूल अधिकारी, लखनऊ विकास प्राधिकरण, लखनऊ।
4— आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग—1/6
5— गार्ड फाइल ।

आज्ञा से,

( एच0पी0सिंह )
उप सचिव।

A.G.O..2011 D

Scanned by CamScanner